# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का सार्वजनिक उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय : गच्ची बाउली, हैदराबाद**

बीडीएल/104/बी डी-नि.वा./एम आर/07 दिनांक : 20 अक्तूबर,2022

## प्रेस विज्ञप्ति

## बीडीएल ने Defexpo-2022 में नए उत्पादों को लॉच किया।

भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बी डी एल) ने अपने मौजूदा उत्पाद पोर्टपोलियो को जोड़ते हुए गुजरात में स्थित गाँधीनगर में चल रही Defexpo – 2022 के दौरान तीन नये उत्पादों को लॉच किया गया।

बीडीएल ने Defexpo – 2022 में बंधन समारोह के दौरान **"एम बी टी अर्जुन** के लिए टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र", **"संग्रामिका",** लाइट वेईट वेहिकल माउंटेड एंटी-टैंक गाइडेड वेपन सिस्टम और **"संहारिका"** ये एक आर्मड वेहिकल माउंटेड लेसर गाइडेड शॉर्ट रेंज एंटी-एयर क्रॉफ्ट वेपन सिस्टम लॉच किया।

इस समारोह के दौरान बीडीएल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) ने अपने नए उत्पादों का पहला मॉडल माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह को सौंप दिया। इस अवसर पर श्री पी राधकृष्ण,निदेशक (उत्पादन), श्री एन श्रीनिवासुलू, निदेशक (वित्त), कमोडोर ए माधवराव (से.नि.), अधिशासी निदेशक (विपणन), कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बीडीएल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) ने कहा कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं को नए उत्पादों के लिए विदेशों पर निर्भर होने की स्थिति को कम करने और नए प्रस्ताव पाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अपने उत्पाद अंतरराष्ट्रीय गुणता एवं उत्कृष्टता के मानदण्डों तक पहुँच चुकी है जो विश्वस्तर के अर्ह्य होंगे।

**एम बी टी अर्जुन के लिए टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र** जिसकी दूरी 5 कि.मि. तक की है। "अर्जुन" ए आर डी ई, डी आर डी ओ और बी डी एल द्वारा डिजाइन एवं विकसित किया गया है। यह इसकी विनिर्माता एजेंसी है। यह मिसाइल लेज़र गाइडेड के साथ-साथ इसकी अपनी लेज़र सीकर है।

**संग्रामिका –** यह एक टैंकरोधी अस्त्र प्रणाली है जिसे बीडीएल ने तैयार कर विकसित किया है इसमें टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र, अशोका लीलैंड के विशेष लाइट वेहिकल पर वार करनेवाली अमोघ – **III** आदि। यह ए टी जी एम प्रणाली के स्तर में एक उत्तम प्रणाली है। तीसरी पीडी की टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र अस्त्र प्रणाली के लांगर रेंज को भी तुरंत परिनियोजन करने की क्षमता है। भारतीय सशस्त्र सेना और निर्यात मार्केट की आवश्यकताओं को पूरा करने में यह अस्त्र प्रणाली सक्षम होगी।

**संहारिका –** यह आर्मड वेहिकल माउंटेड लेज़र गाइडेड शॉर्ट रेंज एंटी एयरक्रॉफ्ट वेपन सिस्टम है। थेल्स, यू के के साथ संयुक्त विकास कार्यक्रम के तहत बी डी एल द्वारा लेज़र बीम राइडिंग मिसाइल या एल बी आर एम का विनिर्माण किया जा रहा है। ARMADO – महींद्रा डिफेंस सिस्टम्स लिमिटेड की लाइट स्ट्राइक वेहिकल है जिसे माउंट एल बी आर एम वेपन सिस्टम द्वारा अनुकूलित किया गया है। बीडीएल और एम डी एस एल के संयूक्त विकास से भारतीय सशस्त्र सेना औ निर्यात बाजार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए त्वरित परिनियोजन कर सुनिश्चित करने में सक्षम होगी।





बी डी एल ने डिफेक्सो – 2022 में बंधन समारोह के दौरान **“एम बी टी अर्जुन के लिए टैंक-रोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र”, “संग्रामिका”,** एक लाइट वेईट वेहिकल माउंटेड एंट-टैंक गाइडेड वेपन सिस्टम और **“संहारिका”**, एक आर्मड वेहिकल माउंटेड लेज़र गाइडेड शॉर्ट रेंज एंटी-एयरक्रॉफ्ट वेपन सिस्टम का लॉच किया गया।

---XXX---